प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय,
दिनांक–22.09.2023 (सं0–412)

बिहार पुलिस के द्वारा अपराध नियंत्रण तथा कानून का राज स्थापित करने हेतु अपराधकर्मियों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई :–

- बिहार पुलिस के द्वारा राज्य में अपराध पर अंकुश लगाने तथा शान्ति व्यवस्था स्थापित रखने हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु समस्त राज्य में अपराधकर्मियों/अभियुक्तों की निरन्तर गिरफ्तारी की जा रही है।

वर्ष–2023 के अगस्त तक बिहार पुलिस के द्वारा की गयी गिरफ्तारी

- अपराधकर्मियों/अभियुक्तों की गिरफ्तारी की संख्या :–2,31,172
- हार्डकोर अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी :–8,459

वर्ष–2021, वर्ष–2022 एवं वर्ष–2023 (अगस्त तक) में की गयी गिरफ्तारियों का तुलनात्मक आँकडा

गिरफ्तारी	वर्ष 2021	वर्ष 2022	वर्ष 2023 (अगस्त तक)
गिरफ्तार अपराधकर्मी/अभियुक्त	1,97,582	3,46,332	2,31,172
प्रतिमाह औसत गिरफ्तारी	16,465	28,861	28,896
गिरफ्तार हार्डकोर अपराधकर्मी	9,071	9,116	8,459
प्रतिमाह औसत गिरफ्तारी **(हार्डकोर अपराधकर्मी)**	756	759	1,253

- वर्ष 2021 में प्रतिमाह औसत गिरफ्तारी 16465 थी तथा वर्ष 2022 में प्रतिमाह औसत गिरफ्तारी 28861 थी जबकि वर्ष 2023 के अगस्त माह तक औसत 28897 गिरफ्तारियाँ की गयी हैं। यह पिछले 02 वर्षों के प्रतिमाह गिरफ्तारी के औसत से अधिक है।
- वर्ष 2021 में हार्डकोर अपराधकर्मियों की प्रतिमाह औसत गिरफ्तारी 756 थी तथा वर्ष 2022 में हार्डकोर अपराधकर्मियों की प्रतिमाह औसत गिरफ्तारी 759 थी जबकि वर्ष 2023 के अगस्त माह में हार्डकोर अपराधकर्मियों की कुल 1253 गिरफ्तारियाँ की गयी हैं। यह पिछले 02 वर्षों के प्रतिमाह गिरफ्तारी के औसत से अधिक है।

वर्ष–2021, 2022 एवं 2023 के केवल अगस्त माह में की गयी गिरफ्तारी का तुलनात्मक आँकडा

गिरफ्तारी	वर्ष 2021	वर्ष 2022	वर्ष 2023
गिरफ्तार हार्डकोर अपराधकर्मी	1212	896	1253

- आँकड़ो से स्पष्ट है वर्ष 2023 के अगस्त माह में की गयी हार्डकोर अपराधियों की गिरफ्तारी पिछले 02 वर्षों के अगस्त माह में की गयी हार्डकोर अपराधियों की गिरफ्तारी की संख्या से अधिक है। इस वर्ष हमारा लक्ष्य हार्डकोर अपराधियों की अधिक गिरफ्तारी करना है।